Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Virbhadra Singh, Member of the 3rd, 4th, 5th, 7th and 15th Lok Sabhas; Shri Nityananda Misra, Member of the 7th and 8th Lok Sabhas; Prof. Gopalrao Mayekar, Member of the 9th Lok Sabha and Shri Sudarsan Ray Chaudhuri, Member of the 9th and 10th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को अत्यंत दुख के साथ अपने चार पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है ।

श्री वीरभद्र सिंह तीसरी और चौथी लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के महासू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था तथा 5वीं, 7वीं और 15वीं लोक सभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री वीरभद्र सिंह भारत सरकार में इस्पात तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालयों के कैबिनेट मंत्री, पर्यटन और नागर विमानन उप मंत्री तथा उद्योग राज्य मंत्री रहे ।

एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता, श्री वीरभद्र सिंह छह कार्यकाल के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे । वे हिमाचल प्रदेश विधान सभा में विपक्ष के नेता भी रहे ।

श्री वीरभद्र सिंह का निधन 87 वर्ष की आयु में शिमला में 8 जुलाई, 2021 को हुआ ।

श्री नित्यानंद मिश्र 7वीं और 8वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने ओडिशा के बोलंगीर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री नित्यानंद मिश्र का निधन 93 वर्ष की आयु में भुवनेश्वर में 22 जुलाई, 2021 को हुआ ।

प्रो. गोपालराव मायेकर 9वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने गोवा के पणजी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

वे लोक लेखा समिति और गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य थे ।

इससे पूर्व, प्रो. मायेकर गोवा, दमन और दीव विधान सभा के सदस्य थे और वे गोवा, दमन और दीव सरकार में मंत्री भी रहे ।

प्रो. गोपालराव मायेकर का निधन 87 वर्ष की आयु में पणजी में 22 जुलाई, 2021 को हुआ ।

श्री सुदर्शन राय चौधरी 9वीं और 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री चौधरी पश्चिम बंगाल विधान सभा के भी सदस्य रहे और वे पश्चिम बंगाल सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री भी रहे ।

श्री सुदर्शन राय चौधरी का निधन 75 वर्ष की आयु में हुगली में 31 जुलाई, 2021 को हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं तथा यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ऊँ शांति: शांति: शांति: ।